न्यूज़ बुलेटिन :

सन्मार्ग

वर्ष–1

अंक–2

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

मासिक – अक्टूबर व नवम्बर, 2022

सत्र का उद्देश्य

- पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- 100 % परिणाम

Inside This Issue

College Achievements

Students Activities

प्रबन्धक

इं0 वी0 के0 मिश्र

प्राचार्य

प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

सम्पादकीय

सम्पादक

राजीव यादव

उप–सम्पादक

नितिन कुमार सिंह

सहयोग

पुष्पेन्द्र कुमार

कालीचरण पी०जी० कॉलेज

हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003
(लखनऊ विश्वविद्यालय)

COLLEGE ACHIEVEMENTS

- 1 अक्टूबर 2022 को कालीचरण महाविद्यालय में NSS द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम/अभियान चलाया गया जिसमें NSS के छात्रों द्वारा श्रमदान किया गया।

1 अक्टूबर को गॉधी जयंती की पूर्व संध्या पर महाविद्यालय में आयोजित पोस्टर एवं निबन्ध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

2 अक्टूबर को महाविद्यालय में महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी और छात्रों को सत्य और अहिंसा की शपथ दिलायी गयी।

- 8 अक्टूबर को हिन्दी विभाग द्वारा MA अंतिम वर्ष के छात्रों का मौखिकी परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें हिन्दी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो0 हिमांशु सेन और डॉ0 उमा शंकर शुक्ल जी वाहय परीक्षक के रूप में आये थे।
- 18 अक्टूबर को महाविद्यालय के चार सह–आचार्यों डॉ0 पंकज सिंह, डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय, डॉ0 देवेन्द्र कुमार सिंह और डॉ0 राज कुमार सिंह की आचार्य (प्रोफेसर) पद पर प्रोन्नति हुई।



19 अक्टूबर को कैरियर काउंसलिंग प्लेसमेंट सेल की तरफ से Vision I.A.S. द्वारा एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

22 अक्टूबर को सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0) द्वारा किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस विभाग के भूप सिंह थे।

31 अक्टूबर को महाविद्यालय में श्याम सुन्दर सभागार में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गयी जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

7 नवम्बर को नये वाहन पार्किंग का उद्घाटन कॉलेज के प्रबंधक जी द्वारा किया गया।

11–12 नवम्बर 2022 को 'भारतीय राष्ट्रीयता के उत्थान में लोकमान्य तिलक की भूमिका' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में प्रो0 ए0 के0 वर्मा, निदेशक सी0एस0एस0पी0, कानपुर ने सहभागिता की।

14.11.22 को वाणिज्य विभाग द्वारा बाल–दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

STUDENTS ACHIEVEMENTS/ ACTIVITIES

02 नवम्बर को शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा शतरंज और कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कैरम के बालक वर्ग में प्रांशु शुक्ला बी0 कॉम द्वितीय वर्ष, ध्रुव गौतम बी0ए0 प्रथम वर्ष और अमन सिंह बी0ए0 तृतीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कैरम प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में साफिया बानो बी0 कॉम तृतीय वर्ष, नित्या मिश्रा बी0ए0 द्वितीय वर्ष, मानसी सिंह बी0ए0 त्रितीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीयस्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता बालक वर्ग में अमित सहगल बी0 ए0 प्रथम वर्ष अमित कुमार बी0ए0 द्वितीय वर्ष व शोभित यादव बी0ए0 तृतीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

15 नवम्बर को शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा अंर्तसंकाय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी0 कॉम प्रथम वर्ष की टीम विजेता रही।

19 नवम्बर को उत्तर–प्रदेश पुरातत्व निदेशालय, लखनऊ द्वारा आयोजित **"हमारी धरोहर हमारा गौरव"** विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में M.A. समाजशास्त्र की छात्रा प्रियांशी कश्यप को तीसरा स्थान मिला।

26.11.2022 को भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। 'राष्ट्र के विकास में न्यायापालिका की भूमिका' विषय पर अपर जिला जज भगीरथ वर्मा जी ने अपने विचार साझा किए।